इस्पात मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3846
10 मई, 2012 को उत्तर के लिए

अंतर-मंत्रालयी समूह द्वारा इस्पात परियोजनाओं की समीक्षा किया जाना

3846. श्रीमती गुन्डु सुधारानी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) द्वारा देश में इस्पात परियोजनाओं की समीक्षा की गई है;

(ख) यदि हां, तो अंतर-मंत्रालयी समूह में चर्चा की गई प्रत्येक इस्पात परियोजना की चर्चा का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चर्चा की गई परियोजनाओं पर कोई निर्णय लिए गए;

(घ) यदि हां, तो अंतर-मंत्रालयी समूह द्वारा चर्चा की गई प्रत्येक परियोजना पर लिए गए निर्णयों का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) अंतर-मंत्रालयी समूह के उक्त निर्णयों पर मंत्रालय क्या कार्रवाई करने जा रहा है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क) से (ड.): देश में प्रमुख इस्पात निवेशों से संबंधित मामलों को मॉनीटर और समन्वय करने के लिए इस्पात मंत्रालय में एक अंतरमंत्रालयीन समूह (आईएमजी) का गठन किया गया है। आईएमजी की पिछली बैठक दिनांक 14.3.2012 को आयोजित हुई थी और बैठक में पूर्वेक्षणी लाइसेंस/खनन पट्टे प्रदान करने में विलंब, सांविधिक स्वीकृतियां, रेलवे संपर्क, सड़क संपर्क, सड़कों का उच्चीकरण इत्यादि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई थी। आईएमजी द्वारा लिए गए निर्णय सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों और राज्य सरकारों को उन मामलों पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु परिचालित कर दिए गए हैं।

****